तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 4 अगस्त, 2025

10 युवाओं ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों संग बिताए पल



10 निरंकारी भवन में शिविर में 116 ने किया रक्तदान



## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**समालखा।** गांव मनाना निवासी 14 वर्षीय अभय उर्फ लव पुत्र राकेश कुमार की तालाब में डूबने से मौत हो गई। अभय आठवीं का छात्र और अपने पिता का इकलौता पुत्र था। अभय स्कूल की छुट्टी होने के कारण दोपहर को अपने साथियों के साथ गांव के बाहर स्थित काले वाले तालाब पर नहाने गया था। तालाब में पशुओं को नहलाने आए ग्रामीणों ने अभय को पानी से निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने अभय के मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कार पलटने में तीन डॉक्टर्स हुए घायल

**पानीपत।** पानीपत के गांव सनौली खुर्द के बाई-पास पर रिसपुर गांव के सामने हरिद्वार से राजस्थान जा रही कार पलट गई। हादसे में कार में सवार राजस्थान के कोठपुतली निवासी डा.सुशील, डा.राहुल, डा.राजेन्द्र घायल हो गए। तीनों हरिद्वार की धार्मिक यात्रा कर लौट रहे थे। पुलिस ने इस केस की जांच शुरू कर दी है।

### बाइपास पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**समालखा।** समालखा चौकी पुलिस टीम ने जीटी रोड भापरा बाइपास पर हवाई फायर करने के आरोपी समालखा निवासी रविंद्र को गिरफ्तार किया है। समालखा चौकी इंचार्ज जितेंद्र ने बताया कि इस केस में ईआरवी 702 पर इंचार्ज तैनात ईएचसी कुलदीप सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं पुलिस ने आरोपी से हथियारों की बरामदगी के लिए उसे कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### स्मैक तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर पकड़ा

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस टीम ने 11.4 ग्राम स्मैक तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर गांव राणा माजरा निवासी अफसार उर्फ काला को गिरफ्तार किया है। थाना तहसील कैंप प्रभारी मुकेश ने बताया कि पूछताछ में नशा सप्लायर आरोपी अफसार ने नशा तस्कर आरोपी अमित को 12 ग्राम स्मैक 10 हजार रूपए में बेचने बारे स्वीकारा। इस मामले में थाना तहसील कैंप में केस दर्ज है। फिलहाल पुलिस मामले में कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

# प्रदेश के सभी खेतों के रास्तों को किया जाएगा पक्का: राणा

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने रादौर हलके के तिगरा, हरनौल, सारण व बकाना में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सरकार द्वारा खेत खलियान योजना के तहत प्रदेश के खेतों के रास्तों को पक्का किया जाएगा। उन्होंने उक्त जानकारी रादौर हल्के के गांव तिगरा, हरनौल, सारण व बकाना में आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए दी।

- भाजपा सरकार निरंतर गरीबों और वंचितों की भलाई के लिए कार्य कर रही

इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों के सामान की किट, सोलर पैनल व ,कूड़ा कचरा प्रबंधन के लिए ई रिक्शा वितरित की। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हलके के गांवों में करोड़ों रुपये की लागत से नालियों, गलियों, सड़कों, धर्मशालाओं, अम्बेडकर भवन व बारात घर



यमुनानगर। गांव तिगरा में लोगों की समस्याएं सुनते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

आदि विकास कार्य पूर्ण करवाए जा रहे हैं। हमें आपसी मनमुटाव एवं राजनीति से हटकर लोगों की भलाई व जनहित में होने वाले विकास कार्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए। विकास कार्य जितने अधिक होंगे उतना ही लाभ आमजन को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा किसान प्रधान प्रदेश है। किसानों ने कृषि के क्षेत्र में बहुत उन्नति की है। प्रदेश सरकार भी किसानों को खेती और तकनीक बारे जानकारी देने के साथ उन्हें प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहन दे रही हैं। खेत खलियान योजना के तहत अब प्रदेश के सभी खेतों के रास्तों को पक्का किया जाएगा। भाजपा सरकार निरंतर गरीबों और वंचितों की भलाई के लिए कार्य कर रही है।

भाजपा सरकार ने अपने शासनकाल में ऐतिहासिक नीतियों, योजनाओं के साथ साथ जनता की भलाई के फैसले लेकर प्रदेश को खुशहाल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। जनहित एवं व्यवस्था परिवर्तन के लिए गए फैसलों का ही परिणाम है कि आज लोगों को सरकारी योजनाओं की सुविधा घर पर ही मिल रही है। उन्होंने खेलों में मेडल प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रदेश सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेकों योजनाएं चलाई हैं। भाजपा सरकार द्वारा खेल नीति लागू की गई है। आज प्रदेश के युवा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर देश के साथ साथ प्रदेश का नाम भी रोशन कर रहें है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान करती है। पहले खेलों के नाम पर देश में कोई सुविधा नहीं थी। खिलाड़ियों को मेडल के लिए बिना सुविधाओं के ही मेहनत करनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि खेलों इंडिया में हरियाणा सरकार का उद्देश्य हर गांव में स्टेडियम बनवाना और खेलकूद का सामान पहुंचाना है और खेलों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव विकास कार्य समान रूप से करवाए जा रहे हैं। हमें वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना पूरा योगदान देना होगा। हमें सूर्य की ऊर्जा का बिजली के रूप में प्रयोग करना होगा। उन्होंने युवाओं से खेलों में अधिक से अधिक हिस्सा लेने की अपील की। ताकि उनका स्वास्थ्य ठीक रह सके और वह खेलों में आगे बढ़कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर एसडीएम राढौर नरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, मास्टर सतपाल कांबोज, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार व जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# 14 को फरीदाबाद में होगा 'विभाजन विभीषिका दिवस'




करनाल। बैठक में उपस्थित डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा व अन्य।

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने रविवार को करनाल में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर आगामी 14 अगस्त को फरीदाबाद के दशहरा ग्राउंड में आयोजित होने जा रहे विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के बाद प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि यह दिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर 2021 से मनाया जा रहा है, ताकि विभाजन में शहीद हुए लाखों लोगों को श्रद्धांजलि दी जा सके।

- पूर्वजों की बलिदानगाथा से नई पीढ़ी को जोड़ना जरूरी

डॉ. मिड्ढा ने कहा कि विभाजन के दौरान लाखों परिवारों ने अपने घर, ज़मीन और परिजनों को खोया, लेकिन अपने संस्कार और आत्मसम्मान को नहीं छोड़ा। यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम आने वाली पीढ़ी को यह बलिदानगाथा सुनाएं। फरीदाबाद में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, विधायक, मेयर सहित कई गणमान्य नेता शामिल होंगे। इस बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, विधायक रामकुमार कश्यप, मेयर रेणु बाला गुप्ता, पूर्व मंत्री शशि पाल मेहता, अशोक सुखीजा, अमरनाथ सौदा, कृष्ण गर्ग, सुभाष कश्यप सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल युवक की मौत

- नपा के पूर्व वाइस चेयरमैन बोले नशे की लत छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल था भतीजा
- संचालक ने सुनियोजित तरीके से की हत्या, पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कुरुक्षेत्र के लाडवा नगर पालिका के पूर्व वाइस चेयरमैन के भतीजे की लाठी-डंडे मारकर हत्या कर दी। युवक का करीब 2 महीने से नशा मुक्ति केंद्र में इलाज चल रहा था। परिवार का आरोप है कि नशा मुक्ति केंद्र के संचालक ने उन्हें युवक का एक्सीडेंट होने की सूचना दी थी। परिवार के लोग जब नशा मुक्ति केंद्र पहुंचे तो केंद्र खाली पड़ा था।

संचालक व अन्य लोग फरार हो चुके थे। इसके बाद परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे तो यहां युवक का शव पड़ा हुआ था। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। उसे बुरी तरह



अंबाला। मृतक आशु की फाइल फोटो व नशा मुक्ति केंद्र का बाहरी दृश्य।

पीटा गया था। पुलिस ने परिवार की शिकायत पर केंद्र संचालक समेत 10 लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। लाडवा के नगर पालिका के पूर्व वाइस चेयरमैन अनिल माटा ने पुलिस को बताया कि उनका भतीजा आकाश उर्फ आशु (31) टेंट की दुकान चलाता था। उसका यहां रसूलपुर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में इलाज चल रहा था। शनिवार रात करीब सवा 9 बजे केंद्र संचालक जसपाल सिंह ने आशु के एक्सीडेंट होने की सूचना दी थी। वे सीएचसी पहुंचे तो यहां आशु का शव पड़ा था। उसके शरीर पर लाठी-डंडे और रॉड से बुरी तरह से पीटने के निशान थे। साथ ही उसकी कमर भी नीली पड़ चुकी थी। ऐसा लग रहा है कि उसे पकड़कर घसीटा गया हो। भतीजे की मौत एक्सीडेंट में नहीं हुई थी बल्कि उसे रस्सियों से बांधकर बुरी तरह से पीटा गया जिससे आशु की मौत हो गई।

**केंद्र संचालक फरार**

माटा ने बताया कि आशु को कालका में जसपाल सिंह के नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। जसपाल सिंह ने उनकी परमिशन के बिना आशु को अपनी दूसरी ब्रांच रसूलपुर में भर्ती करा दिया। इस बात पर परिवार के लोगों ने एतराज भी जताया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। नग्गल थाने के एसएचओ कर्णवीर सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर संचालक जसपाल सिंह, हरजोत सिंह, अंकित, ध्रुव, जसमीत, गौरव, रविंद्र, मोहित, हरदीप और गौरव के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटना के बाद से सभी केंद्र संचालक व कर्मचारी फरार हो गए हैं।

# वाहन चोर से तीन बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वाहन चोर से पुलिस ने चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की हैं। आरोपी को गिरफ्तार करने में एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम को सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेप्ट सेल के प्रभारी राजेश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की बाइक को बेचने के लिए बाड़ी माजरा पुल से होते हुए कहीं जा रहा है। सूचना के आधार पर एसआई हुसन,मुख्य सिपाही रणधीर, धर्मेंद्र, योगेश, रविंदर व नरेश के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक युवक मोटरसाइकिल पर आता हुआ दिखाई दिया। टीम ने उसे रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई।

- आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान विजय कालोनी निवासी मोहम्मद फुरकान के रुप में हुई। इस दौरान आरोपी से और पूछताछ की गई तो उससे चोरी की तीन बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी।



यमुनानगर। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया मोटरसाइकिल चोर हिरासत में बैठा हुआ।

# नशीले कैप्सूलों की तस्करी का पर्दाफाश
## तस्कर से 528 नशीले कैप्सूल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 528 नशीले कैप्सूलों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान रविंद्र कुमार उर्फ रिंकू वासी बराड़ा के रूप में हुई है।

- आरोपी के खिलाफ पुलिसे में मामला दर्ज करवाया

सीआईए स्टाफ नारायणगढ़ की टीम को शाम करीब 7:10 सूचना मिली कि रविंद्र कुमार उर्फ रिंकू नशीले कैप्सूल बेचने के लिए बराड़ा से सरकपुर की ओर मोटरसाइकिल पर जाएगा। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए लिंक रोड पर नाकाबंदी की। कुछ देर बाद युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी करके काबू कर लिया। इस दौरान ईटीओ संजीव मौदगिल मौके पर पहुंचे। उनकी उपस्थिति में आरोपी व उसकी मोटरसाइकिल की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल की स्टीयरिंग पर लटक रहे काले रंग के पॉलीथीन में से 66 पत्ते बरामद हुए। इसमें प्रत्येक में 8-8 नशीले कैप्सूल थे।

इन कुल बरामद कैप्सूल्स का वजन रैपर सहित 372.24 ग्राम व रैपर रहित 275.88 ग्राम पाया गया। इस दौरान ड्रग कंट्रोल अफसर हेमंत ग्रोवर से भी परामर्श लिया गया। जांच के बाद पुष्टि की कि यह दवाएं एनडीपीएस अधिनियम के तहत आती हैं। इसके आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# जोहड़ में डूबने से मासूम की मौत, लोगों ने लगाया जाम

- नगर निगम अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप
- पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के थाना फर्कपुर क्षेत्र की गोविंद विहार कॉलोनी में शनिवार देर शाम शाम घर के नजदीक बने जोहड़ में डूबने से मौत हो गई।

गोताखोरों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। गुस्साए लोगों ने नगर निगम अधिकारियों पर लापरवाही



यमुनानगर। गोविंद विहार कॉलोनी में बच्चे की मौत के बाद जाम लगाते हुए लोग व मौके पर पुलिस जाम खुलवाने का प्रयास करते हुए।

बरतने का आरोप लगाते हुए सड़क के बीच में बैठकर जाम लगा दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा कर जाम खुलवाया। गोविंद बिहार कालोनी निवासी श्रवण पटेल का पांच साल का बेटा पुंज शाम को घर के बाहर खेल रहा था। तभी वह गली के बाहर जोहड़ के किनारे पहुंच गया और पैर फिसलने से गंदे पानी में जा गिरा। जिसे देख वहां खेल रहे अन्य बच्चों ने शोर मचा दिया। पता लगते ही थाना फर्कपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और गोताखोरों को बुलाकर सर्च ऑपरेशन शुरू करवाया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोर ने बच्चे का शव बरामद किया।

**परिजनों को 50 लाख मुआवजा देने की मांग**

गुस्साए लोगों ने कॉलोनी में सड़क के बीच में बैठकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते हैं पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय निवासी राहुल व दिनेश ने कहा कि नगर निगम की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। एक तरफ जहां नगर निगम अधिकारी यमुनानगर को स्मार्ट सिटी बनाने के झूठे वायदे कर रहे है वहीं दूसरी तरफ कॉलोनी में गंदे पानी के लिए खोदे गए जोहड़ का कार्य पूरा नहीं किया गया है। हादसे के बाद न तो कोई निगम अधिकारी व मेयर परिजनों को सांत्वना देने तक नहीं आए। उन्होंने मृतक बच्चे के परिजनों को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की। बाद में पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत किया और जाम खुलवाया।

## शहीदी स्मारक की आर्ट गैलरी में राव तुलाराम की प्रतिमा को नमन
# कलाकारों की मेहनत को मंत्री विज ने सराहा

- शहीदी स्मारक में शेष कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने रविवार को जीटी रोड पर सन्‌ 1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित निर्माणाधीन शहीदी स्मारक का निरीक्षण किया तथा आर्ट वर्क करने वाले कलाकारों की मेहनत को तालियां बजाते हुए खूब सराहा।

उन्होंने कहा स्मारक में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों का इतिहास



अंबाला। शहीदी स्मारक का अवलोकन करते मंत्री अनिल विज।

यहां जीवंत होगा। उन्होंने स्मारक में बनाई गई स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम की प्रतिमा को नमन करते हुए उन्हें स्मरण किया। स्मारक की विभिन्न आर्ट गैलरियों का मुआयना करते हुए मंत्री अनिल विज ने यहां विभिन्न माध्यमों से प्रदर्शित किए जा रहे इतिहास के बारे में बारिकी से जानकारी ली। मंत्री ने सिविल वर्क के साथ-साथ आर्ट वर्क से संबंधित कार्यो की प्रगति जानते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**स्मारक में 270 डिग्री प्रोजेक्टर फिल्म चलेगी**

स्मारक में 270 डिग्री प्रोजेक्टर फिल्म चलेगी, जिसका लोग आनंद लेते हुए दूसरे फ्लोर तक पहुंचेंगे। इसके साथ-साथ यहां पर रैंप व सीढ़ियों की भी व्यवस्था की गई है ताकि लोग आसानी से इस स्मारक की भव्यता का अवलोकन कर सकें। यहां पर कमल के फूल पर जाने के लिए दो हाई स्पीड दो लिफ्ट लगाई गई हैं, 12वीं मंजिल तक इस लिफ्ट के माध्यम से लोग कुछ ही मिनटों में पहुंच सकेंगे। विज ने इस मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेमोरियल टॉवर की 12वीं मंजिल पर स्काई कैफे खोला जाए जहां लोग बैठकर पूरे अंबाला छावनी व आसपास क्षेत्र को देख सकें। उन्होंने वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्मारक में प्रस्तुत इतिहास व आर्ट वर्क के कार्य को देखा। इस मौके पर उनके साथ शहीदी स्मारक के निदेशक डा. कुलदीप सैनी, अधीक्षक अभियंता लोक निर्माण विभाग हरपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, व अन्य मौजूद रहे।

### इंस्टा पर युवती की फोटो लगा उसके भाई को भेजे आपत्तिजनक मैसेज

**यमुनानगर।** अज्ञात युवक ने एक युवती की फोटो इंस्टाग्राम आईडी पर लगाकर उसके भाई को आपत्तिजनक मैसेज भेजें। युवती को जब इस बारे में पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। गांव निवासी 19 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर अपनी आईडी बनाई हुई है। अज्ञात युवक ने उसकी आईडी से उसकी फोटो अपलोड करके इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर उसके भाई की आईडी पर आपत्तिजनक मैसेज भेजें। उसके भाई ने उसे इस बारे बताया। उसने अपने स्तर पर आरोपी का पता लगाने का प्रयास किया मगर उसका पता नहीं चल सका। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# वायरस से धान की बर्बाद फसल का किसानों को मिले मुआवजा : भाकियू

- किसान अपनी फसलों को आग लगाकर नष्ट करने पर मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले के अनेक गांवों में धान की फसल पर फिजी वायरस का प्रकोप देखने को मिला है, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। किसान अपनी ही फसलों को खेतों में आग लगाकर नष्ट करने को मजबूर हैं।

इस संकट पर गहरी चिंता जताते हुए भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) के जिला प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि कृषि विभाग की लापरवाही का परिणाम है। किसानों ने कई बार अधिकारियों



को इस वायरस के लक्षणों की जानकारी दी, परंतु विभाग ने न तो जांच की और न ही रोकथाम के उपाय किए। भाकियू ने सरकार से मांग की है कि तुरंत विशेष गिरदावरी करवा कर किसानों को 30,000 प्रति एकड़ का मुआवजा दिया जाए। अन्यथा, किसान प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## खबर संक्षेप



### हेरोइन के साथ पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिले की प्रतापनगर थाना पुलिस ने गांव ताजेवाला के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7.49 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत बाजार में करीब 24 हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्रतापनगर थाना क्षेत्र में तैनात पीएसआई रजत शर्मा ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव ताजेवाला के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया।

### लंबित मांगों को जल्द पूरा करे सरकार: बडशामी



यमुनानगर के रादौर में आयोजित बैठक में भाग लेते पूर्व कर्मचारी।

**रादौर।** हरियाणा पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन रादौर के सदस्यों की रविवार को मासिक बैठक का आयोजन कस्बा स्थित कांबोज धर्मशाला में किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश बड़शामी ने की। बैठक में सदस्यों ने शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि भेंट की। एसोसिएशन के प्रधान ओम प्रकाश बड़शामी ने बताया कि बैठक में पूर्व कर्मचारियों ने सरकार से उनकी लंबित पड़ी मांगो को पूरा किया जाने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार से मांग है कि पेंशनरों की कैश लेस साइट जल्द खोली जाए। जिससे पेंशनरो के कैशलेस कार्ड बन सकें।

# सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

- 22 जुलाई को अंबाला पंचकूला हाईवे पर गांव खंडवा के पास हुआ था हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

अंबाला पंचकूला हाईवे पर गांव खंडवा के पास सड़क हादसे में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव खजुरी निवासी जनक राज ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही 30 वर्षीय अंकुश 22 जुलाई को अंबाला पंचकूला हाईवे से किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव खंडवा के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे वाहन ने अंकुश को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अंकुश गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उसकी तबियत में कोई सुधार नहीं हुआ। देर शाम अंकुश की मौत हो गई।

# बारिश के बाद जलभराव से जन जीवन अस्त-व्यस्त

## सड़कों और निचले इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में रविवार को हुई बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। आलम यह रहा कि बारिश की वजह से जहां दोपहर तक लोगों के काम धंधे ठप रहे, वहीं, नीचले इलाकों में पानी भरने से लोग बेहाल हो गए। खास बात तो यह रही कि बारिश से सड़कों व नीचले इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान रहे। वहीं, बारिश होने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

रविवार को सुबह से बारिश शुरू हो गई। इस दौरान लोगों को लगा था कि बारिश कुछ देर के बाद बंद हो जाएगी। मगर ऐसा नहीं हुआ और बारिश दोपहर तक कभी तेज तो कभी हल्की होती रही। जिससे नीचले इलाकों में पानी भर गया।



**यमुनानगर।** सड़क पर भरे पानी से गुजरते वाहन। फोटो: हरिभूमि

वहीं, कई स्थानों पर सड़कों पर पानी भरने से लोग परेशान रहे। रविवार को सबसे अधिक रादौर में बारिश हुई। आलम यह रहा कि लोग बारिश में कम और सड़कों पर भरे पानी से ज्यादा भीगे। इस दौरान बड़े वाहनों ने सड़कों से गुजर रहे दो पहिया वाहन चालकों व पैदल चलने वालों को खूब भिगोया। खास बात यह रही की सोमवार को जिले भर में बरसात हुई।

### फसलों के लिए बारिश बन रही है वरदान

किसान सोहन लाल, महावीर सिंह, प्रदीप कुमार, श्योलाल, सतबीर सिंह व कुलदीप आदि का कहना है कि पिछले कई दिन से रुक रुक कर हो रही बारिश गन्ना व धान की फसल के लिए वरदान साबित हो रही है। उनका कहना है कि आजकल अगेती व पछेती धान समेत गन्ना की फसल में ग्रोथ बन रही है। ऐसे में बारिश होने से धान व गन्ना की फसल में बीमारियों से छुटकारा मिलने की उम्मीद है।

### तापमान में आई गिरावट

बारिश से जिले के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अभी मौसम साफ होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। अगले दो-तीन दिन बारिश जारी रहने की संभावना है।

## मेयर सुमन बहमनी ने दी जानकारी

# प्रॉपर्टी आईडी की गलतियां ठीक करने के लिए लगाए जाएंगे विशेष शिविर

- शहर स्थित निगम के तीनों कार्यालयों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा
- मेयर ने बताया कि संपत्तिधारक प्रॉपर्टी संबंधित त्रुटियों को ठीक कराने के साथ साथ अपनी प्रॉपर्टी को सेल्फ सर्टिफाई भी कराए



**यमुनानगर।** प्रॉपर्टी आईडी की गलतियां ठीक करने के लिए आयोजित किए जाने वाले विशेष शिविर की जानकारी देती हुई मेयर सुमन बहमनी।

हरिभूमिन्यूज ⏭ यमुनानगर

प्रॉपर्टी आईडी की गलतियां ठीक करवाने के लिए अब शहरवासियों को भटकना नहीं पड़ेगा। प्रॉपर्टी आईडी की गलतियां ठीक करने के लिए अब नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर स्थित निगम के तीनों कार्यालयों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने मेयर हाउस स्थित कार्यालय में दी।

### मंगलवार-शुक्रवार को लगेगा

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि नगर निगम प्रशासन द्वारा शहरवासियों की प्रॉपर्टी आईडी की गलतियों को ठीक करने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। यह शिविर शहर स्थित निगम के तीनों कार्यालय में सप्ताह में दो दिन मंगलवार व शुक्रवार को सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक लगाए जाएंगे। जिन्में प्रॉपर्टी आईडी और प्रॉपर्टी रिकार्ड का दुरुस्तीकरण किया जाएगा। वार्ड नंबर एक से सात तक के संपत्तिधारको के लिए जगाधरी स्थित नगर निगम कार्यालय में शिविर के दौरान प्रॉपर्टी आईडी की गलतियों को ठीक किया जाएगा। वहीं, वार्ड 8 से 15 तक के संपत्तिधारको के लिए शहीद भगत सिंह चौक (फव्वारा चौक यमुनानगर) स्थित निगम कार्यालय में शिविर लगाया जाएगा। शिविर में उक्त वार्डों के संपत्तिधारक अपनी संपत्ति और प्रॉपर्टी आईडी की गलतियां ठीक करवा सकते हैं। इसी तरह वार्ड 16 से 22 तक के संपत्तिधारकों के लिए कन्हैया साहिब चौक यमुनानगर स्थित नगर निगम कार्यालय में शिविर लगाया जाएगा। मेयर सुमन बहमनी ने संपतिधारकों से अपनी प्रॉपर्टी संबंधित कोई भी त्रुटि ठीक कराने के लिए उसमें दर्ज मोबाइल फोन, संबंधित दस्तावेज और प्रॉपर्टी आईडी का पुराना बिल या निगम द्वारा भेजा नोटिस साथ लेकर आने की अपील की है। शिविर में एक ही स्थान पर निगम अधिकारी मेकर चेकर आदि बैठकर संपतिधारकों की प्रॉपर्टी संबंधित त्रुटियों को ठीक करेंगे। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि संपत्तिधारक प्रॉपर्टी संबंधित त्रुटियों को ठीक कराने के साथ साथ अपनी प्रॉपर्टी को सेल्फ सर्टिफाई भी कराए।

### नोटिस साथ लेकर शिविर में आएं

मेयर सुमन बहमनी ने संपतिधारकों से अपील की है कि वे अपनी प्रॉपर्टी संबंधित कोई भी त्रुटि ठीक कराने के लिए उसमें दर्ज मोबाइल फोन, संबंधित दस्तावेज और प्रॉपर्टी आईडी का पुराना बिल या निगम द्वारा भेजा नोटिस साथ लेकर शिविर में आएं। शिविर में एक ही स्थान पर निगम अधिकारी, मेकर, चेकर आदि बैठकर संपतिधारकों की प्रॉपर्टी संबंधित त्रुटियों को ठीक करेंगे। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि संपत्तिधारक प्रॉपर्टी संबंधित त्रुटियों को ठीक कराने के साथ साथ अपनी प्रॉपर्टी को सेल्फ सर्टिफाई भी कराएं।

# एमडीवीएम स्कूल की टीम ने कबड्डी में दूसरी बार किया ट्राफी पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर की टीम ने खंडस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्राफी पर कब्जा जमाया है। रविवार को विजेता टीम के स्कूल में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के चेयरमैन अनिल कांबोज ने बताया कि उनके स्कूल की अंडर 14 वर्ग की टीम ने खंडस्तरीय प्रतियोगिता में खेले गए फाइनल मुकाबले में कुंजल जटान की टीम को हराकर लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान हासिल कर ट्राफी पर कब्जा जमाया है। उन्होंने बच्चो को जीत की बधाई दी और भविष्य में आगे बढ़ने के लिए सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया। यह जीत केवल एक खेल का नतीजा नहीं है। बल्कि खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण व एकजुटता का परिणाम है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा मिलता है और युवाओं को अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलता है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक कुमार, उप प्रधानाचार्य संजीव शर्मा, कोच शिवम, राहुल, सोनू व सुभाष यादव ने भी विजेता टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# अध्यापकों का आधुनिक शिक्षा के प्रति जागरुक होना बेहद जरूरी: डॉ. पंजेटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** अष्टविनायक पब्लिक स्कूल खरकाली में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के संपन्न।

अष्टविनायक पब्लिक स्कूल खरकाली में चल रहे दो दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अमन पंजेटा ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अमन पंजेटा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम स्कूल में शिक्षण स्तर को सुधारने के लिए अति आवश्यक हैं। स्कूल की ओर से भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर अध्यापकों को आधुनिक शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। वर्तमान समय में अध्यापकों का आधुनिक शिक्षा के प्रति जागरुक होना बेहद जरुरी है। मौके पर शिविर में अध्यापकों को शिक्षा के क्षेत्र में आए महत्वपूर्ण बदलावों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर में इंटरनेशनल स्कूल जगाधरी की प्रिंसिपल पूजा बत्रा, प्रिंसीपल ने अध्यापकों को अपने शिक्षण स्तर व गुणवत्ता को बढ़ाए जाने पर बल दिया गया।



यमुनानगर। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित शिविर में भाग लेते अध्यापक।

### विद्यार्थियों को जीवन की सही कलाओं का ज्ञान होना जरूरी: सिंगला

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में रविवार को क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के उप प्रधानाचार्य अमित सिंघल ने की। वहीं मुख्य वक्ता के रुप में स्कूल की प्रधानाचार्य रीतू सिंगला व एमएलएन स्कूल यमुनानगर की जीव विज्ञान की प्राध्यापिका साक्षी सिक्का ने भाग लिया। मुख्य वक्ता रीतू सिंगला ने कहा कि शिक्षक जीवन को जिस तरह जीता है। वही तरीका अधिकतम रूप से बच्चों में स्थानांतरित होता है। क्योंकि यह भी एक प्रकार की ऊर्जा है जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानांतरित की जा सकती है। वर्तमान के प्रतियोगिता भरे युग में विद्यार्थियों को जीवन की सही कलाओं का ज्ञान होना आवश्यक है। ताकि वो इस भीड़ में भी खुद को स्थापित कर सके। मुख्य वक्ता साक्षी सिक्का ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में किसी भी कक्षा में बच्चों को पढ़ाना पुराने समय जैसा नहीं रहा है। इसलिए बच्चों को गतिविधियों में शामिल करके उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना महत्वपूर्ण तत्व है।

## व्यासपुर स्थित न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में खिलाड़ी सम्मान समारोह का किया आयोजन

# खेलों से शारीरिक विकास और बढ़ती है टीम भावना: मोनिका

- खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमिन्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** व्यासपुर स्थित न्यू हैप्पी स्कूल में सम्मानित किए गए विद्यार्थी अपने पुरस्कार के साथ खुशी जताते हुए। फोटो: हरिभूमि

जिले के व्यासपुर स्थित न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके मेडल हासिल करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि उनके स्कूल के बच्चों ने ब्लॉक, जिला व प्रदेश स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेडल प्राप्त किए हैं। जिन्हें सम्मानित करने के लिए विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में जिन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया है। उनमें खो खो की प्रतियोगिता में लड़कियों की अंडर 14 वर्ग की टीम में शामिल कक्षा सात से हिमांशी, कक्षा आठ से तनवी व कक्षा छह से मनु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिलास्तरीय प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई है। वहीं, लड़कों की अंडर 14 वर्ग की खो खो प्रतियोगिता में कक्षा छह के शिवम व गौतम और कक्षा आठ के प्रणव भूरे ने जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई है। जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। इसी तरह लड़कों के अंडर 17 वर्ग की टीम में शामिल कक्षा नौ के जशन व हरमन और वंश ने जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई है। वहीं, लड़कियों की अंडर 17 वर्ग टीम में शामिल अमनप्रीत, कनिका और गुरुप्रीत ने जिलास्तरीय खो खो प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई है। प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि एथलेटिक्स में कक्षा आठ के छात्र युवराज ने 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया है।



यमुनानगर। रादौर तहसील परिसर में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए नंबरदार।

### पौधरोपण कर वातावरण को हराभरा करने में सहयोग करेंगे नंबरदार: नैब सिंह

**रादौर।** हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन रादौर के सदस्यों रविवार को कस्बा के तहसील परिसर में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान नैब सिंह ने की। एसोसिएशन के प्रधान नैब सिंह ने बताया कि बैठक में सभी नंबरदारों ने निर्णय लिया कि वर्षा ऋतु के दौरान सभी अपने अपने गांवों में अधिक से अधिक पौधरोपण करके वातावरण हरा भरा रखने में अपना पूरा सहयोग करेंगे। जनकल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगे। जिससे अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठा सके। वर्षा का पानी अपने आसपास कहीं भी जमा नहीं होने देंगे। गांवों में सफाई व्यवस्था का पूरा ख्याल रखे। भाईचारे व आपसी मेल को बढ़ावा देंगे। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता शिवकुमार संधाला ने बताया कि नंबरदार एक सभ्यता व प्रतीक सम्मानित पद है। जिसे सभी को संभाल कर रखना है। हमारे पूर्वजों ने हमे एक संस्कृति सभ्यता सौंपी है।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री ने जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में लिया भाग

# प्रधानमंत्री ने कृषि को आधुनिकता के साथ जोड़ा: कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के किसानों को राष्ट्रनिर्माता माना है। उन्होंने कृषि को आधुनिकता से जोड़ने का काम किया है। उक्त शब्द उन्होंने रविवार को जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने किसानों को कभी वोट बैंक नहीं माना है। बल्कि किसानों को राष्ट्र निर्माता माना है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कृषि को आधुनिकता से जोड़ने का काम कर रहे हैं। हम सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को नमन करते हैं। भारत एक विकासशील देश है और हमें इसे विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित बनाने की दिशा में अहम कदम उठाए जा रहे हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हालहि में पीएम किसान सम्मान निधि की राशि किसानों के खातों में स्थानांतरित करने का काम किया।



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

वर्तमान भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन बिचौलियों का खात्मा करने का काम किया है। आज सरकार से संबंधित योजना के लाभार्थी को राशि सीधा उनके खाते में स्थानांतरित की जाती है। मौके पर भाजयुमो के जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी, मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा, जगदीश विद्यार्थी, पार्षद, अरुण कुमार, पंकज मंगला, आदित्य रोहिल्ला, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

**धर्म कर्म** | दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी में संत संकीर्तन कार्यक्रम

*जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में कार्यक्रम*

# परमात्मा के निराकार और साकार स्वरूप की भक्ति में है बहुत अंतर: वंशिका भारती





**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में परमात्मा के निराकार व साकार स्वरूप की भक्ति के बारे में बताते हुए साध्वी भारती व श्रवण करते हुए साध संगत।

हरिभूमिन्यूज ⏭ यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संत संकीर्तन कार्यक्रम में साध्वी वंशिका भारती ने साध संगत को परमात्मा के निराकार व साकार स्वारुप की भक्ति के अंतर का महत्व बताया। मौके पर साध्वी बहनों ने संत संकीर्तन कार्यक्रम में अपने भजनों से साध संगत को भावविभोर कर दिया।

साध्वी वंशिका भारती ने फरमाया कि परमात्मा के निराकार स्वरूप की भक्ति और साकार स्वरूप परमात्मा की भक्ति में बहुत अंतर होता है। जब हम भगवान के निराकार स्वरूप की भक्ति करते हैं तो कदाचित उसका आधार अति दुर्बल होता है। क्योंकि केवल अपनी श्रद्धा के आधार पर ही हम परमात्मा पर विश्वास करने का प्रयास करते हैं और कुछ मन की भावनाएं और इच्छाएं लेकर उनकी शरण में जाते हैं। किसी कारणवश मन की इच्छा पूर्ण न हो तो श्रद्धा बाधक हो जाती है। तब दुर्भाग्यवश हमारी बुद्धि व मन परमात्मा के केवल बाहरी स्वरूप तक ही सीमित रह जाता है। जब हम मिथ्या अहंकार त्यागकर परमात्मा के साकार स्वरूप पूर्ण ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरु की शरण में जाते हैं तो वे हमारी आत्मा के सूक्ष्म स्तर पर कार्य करते हैं। गुरु हमें ब्रह्मज्ञान के द्वारा आत्म साक्षात्कार की सीढ़ी प्रदान करते हैं। जिस पर एक साधक निरंतर ध्यान साधना के द्वारा आगे बढ़ता हुआ अपने परम लक्ष्य की प्राप्ति कर लेता है।

### गुरुभक्ति के द्वारा ही आत्मा और परमात्मा का साक्षात्कार संभव

गुरु भक्ति हमारी श्रद्धा भक्ति के पुष्प में विश्वास की सुगंध भर देते हैं। गुरु भक्ति का आधार दृढ़ एवं चिरस्थाई होता है। क्योंकि वह केवल मान्यताओं पर आधारित नहीं अपितु साक्षात्कार पर आधारित होता है। जीवन में गुरु भक्ति उतर जाए तो मन और बुद्धि से प्रत्येक संशय एवं भ्रम दूर हो जाते हैं। अन्यथा गुरु के बिना निराकार परमात्मा की भक्ति में हम केवल एक स्वरूप तक सीमित रह कर भेद बुद्धि एवं द्वैत में उलझे रहते हैं। साध्वी वंशिका भारती ने कहा कि गुरुभक्ति के द्वारा ही आत्मा और परमात्मा का साक्षात्कार संभव है। संत संकीर्तन कार्यक्रम के अंत में साध्वी बहनों ने सुमधुर भजनों का गायन करके समूह संगत को कृतार्थ किया।

## खबर संक्षेप



### गांव बारना में विशाल भंडारा आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** गांव बारना में क्षेत्रपाल जी महाराज परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह ही गांव में स्थित दोनो ओर क्षेत्रपाल जी महाराज का हवन यज्ञ किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर गांव की सुख समृद्धि की कामना की व हवन में आहुति डाली। बता दें कि गांव में सिंहमार पट्टी व बाबा पट्टी अलग अलग भंडारों का आयोजन किया गया व पूजा की गई। हवन के बाद गांव परिक्रमा का आयोजन किया गया जिसमें सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। ढोल की थाप पर ग्रामीण नाचते नजर आए।

### मोबाइल मेडिकल यूनिट में लिया स्वास्थ्य लाभ



**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा आज हल्का थानेसर के सेक्टर 5 के कम्युनिटी सेंटर में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। मोबाइल मेडिकल युनिट में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई । इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किए गये ।

### लाडो लक्ष्मी योजना से सशक्त होंगी बेटियां : कौर

**पिहोवा।** हरियाणा की बेटियों के उज्वल भविष्य और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा जल्द शुरू की जा रही लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य की बेटियों को ना केवल आर्थिक संबल देगी, बल्कि समाज में उनके आत्मसम्मान और सुरक्षा की भावना को भी प्रबल बनाएगी। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बेटियों के लिए जो स्नेह और संकल्प लेकर काम कर रहे हैं, वह अनुकरणीय है।

### शिक्षा मंत्री आवास पर प्रदर्शन में ताल ठोकेगी हेमसा

**कुरुक्षेत्र।** शिक्षा बचाओ, स्कूल बचाओ, रोजगार बचाओ मास डेपुटेशन प्रदर्शन में शिक्षा विभाग फिल्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मी भी ताल ठोकेंगे। सरकार व विभाग की कार्यप्रणाली से खपा हरियाणा शिक्षा विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी संबंधित -सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आगामी सात सितंबर को शिक्षा मंत्री के गृह जिले पानीपत में आंदोलन का बिगुल बजाया है।

## जिला योगासन चैंपियनशिप 2025 का शुभारंभ

# पारंपरिक योग प्रतियोगिता में दीपक गाबा और हिमांशी प्रथम

**पीठाध्यक्ष स्वामी डॉ शाश्वतानंद गिरी महाराज ने योग के सही अर्थों से परिचित करवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला योगासन खेल संघ कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित योगासन चैंपियनशिप 2025 का महिला पुलिस थाना सेक्टर 8 के सामने स्थित श्रीअखंड गीता पीठ में आज शुभारंभ हो गया। पीठाध्यक्ष स्वामी डॉ शाश्वतानंद गिरी जी महाराज, खेल संघ के प्रधान राजेंद्र भारद्वाज वानप्रस्थी, वरिष्ठ उप प्रधान गुलशन कुमार ग्रोवर, सहायक शिक्षा अधिकारी जसबीर सिंह, उपस्थित योग सहायकों व विद्यालयों के डीपीई पीटीआई इत्यादि ने दीप प्रज्ज्वलन कर पांचवी जिला योगासन खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महाराज जी ने श्रीमद् भागवत गीता के अनुसार योग के सही अर्थों से योगासन खिलाड़ियों एवं उपस्थित महानुभावों को परिचित करवाया। योगः कर्मसु कौशलम और योगश्चित्त वृत्ति निरोधः का मनुष्य के दैनिक जीवन में हर क्षेत्र में उपयोग बताते हुए उन्होंने योग के महत्व को बहुत सुंदर ढंग से समझाया। उन्होंने सनातन धर्म, पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के समुचित उपयोग पर बल देते हुए सभी को संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता के बारे में समझाया। पारंपरिक योग प्रतियोगिता में 28 से 35 आयु वर्ग में में दीपक गाबा व हिमांशी प्रथम, रायसिंह व शैलजा द्वितीय, 35 से 45 आयु वर्ग में बाला देवी व राजेंद्र कुमार प्रथम तथा रचना द्वितीय, फारवर्ड बेंड में रचना व कमल किशोर प्रथम, बाला देवी द्वितीय, बैकवर्ड बेंड में बाला देवी व कर्मवीर प्रथम, लेग बैलेंस में कमल किशोर प्रथम, हैंड बैलेंस में भीम सिंह प्रथम, ट्विस्टिंग बॉडी में सविता व भीम सिंह प्रथम, स्पाइन में कर्मवीर प्रथम रहे । 45 से 55 आयु वर्ग में पारंपरिक योग में रविंद्र कुमार कौशिक एवं सरिता रोशा प्रथम, सुरेश कुमार द्वितीय व रमेश कुमार तृतीय रहे। फारवर्ड और बैकवर्ड बेंड दोनों में सुरेश कुमार व सरिता रोशा प्रथम, ट्विस्टिंग बॉडी में जगतार सिंह व सविता प्रथम तथा लग बैलेंस में जगतार सिंह प्रथम रहे। विजेताओं को कल समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। सभी आयुष योग सहायकों एवं विद्यालयों से आए डीपीई व पीटी आई ने इस प्रतियोगिता के आयोजन में पूरा सहयोग दिया । सोमवार 4 अगस्त को 10 से 28 वर्ष के तीन आयु वर्गों की कुल 10 योग विधाओं में प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी।



**कुरुक्षेत्र।** जिला योगासन खेल चैंपियनशिप के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते स्वामी डॉ शाश्वतानंद गिरि जी महाराज।

# विद्यार्थी का भोजन, भजन शुद्ध हो जाए तो उसका जीवन पवित्र हो जाता

- वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गुरुकुल में ब्रह्मचारियों का उपनयन संस्कार सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र में नवप्रविष्ट ब्रह्मचारियों का उपनयन संस्कार वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत सम्पन्न हुआ। यह संस्कार ब्रह्मचारियों के आध्यात्मिक एवं शैक्षिक जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. रामचंद्र, चेयरपर्सन, इंस्टीट्यूट आफ इंटीग्रेटिड एंड ऑनर्स स्ट्डीज संस्थान, संस्कृत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्रधानाचार्य सुबे प्रताप, व्यवस्थापक श्री रामनिवास आर्य आचार्य ने ब्रह्मचारियों को पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद दिया। मंच पर गुरुकुल के वरिष्ठ शिक्षक रमेशचन्द एवं श्रवण कुमार द्वारा अतिथियां को उपवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संस्कृत विभागाध्यक्ष आचार्य दयाशंकर के मार्गदर्शन में ब्रह्मचारियों के उपनयन संस्कार की पूरी प्रक्रिया वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सम्मन हुई और उन्होंने ब्रह्मचारियों को जीवनोपयोगी, व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया, और उन्हें संयम, अनुशासन, समर्पण का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी का भोजन, भजन और शयन शुद्ध हो जाए तो उसका जीवन स्वयं शुद्ध और पवित्र हो जाता है। निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने मुख्य अतिथि डॉ. रामचन्द्र का संक्षिप्त परिचय दिया।




**कुरुक्षेत्र।** मुख्य अतिथि डॉ. रामचन्द्र को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग।

## देवताओं की इच्छा भी मृत्यु लोक में जन्म लेने की होती : संत देवी सुदीक्षा

**लाडवा।** प्रसिद्ध कथावाचक संत सुदीक्षा सरस्वती ने कहा कि सत्संग से व्यक्ति मे गुणों का निर्माण होता है। देवताओं की इच्छा भी एक बार मृत्यु लोक में जन्म लेने की होती है और वह यह कामना करते हैं कि प्रभु हमें एक बार मृत्यु लोक में जन्म लेने का अवसर मिले। क्योंकि स्वर्ग में रहते हुए उनके अच्छे कर्म धीरे-धीरे समाप्त हो जाते हैं इसलिए सत्कर्म करने के लिए उन्हें मृत्यु लोक में आना पड़ता है। संत सुदीक्षा सरस्वती लाडवा हनुमान मंदिर के सत्संग भवन में रविवार को शिव कथा का गुणगान कर रही थी। कथा का आयोजन श्रीसरस्वती सत्संग सभा लाडवा द्वारा करवाया जा रहा है। कथावाचक ने कथा में बताया की सेवा तीन प्रकार से होती है तन से मन से और धन से,धन तीसरे स्थान पर आता है जब के तन और मन पहले स्थान पर आते हैं। व्यक्ति बिना पैसे के भी सेवा कर सकता है दान कर सकता है। वह मन, वचन, कर्म से सेवा का दान कर सकता है। मन से भाव उत्पन्न करना होता है। उन्होंने सुल्ताना नामक डाकू का उदाहरण देते हुए बताया कि वह भले ही नीच कर्म करता था, परंतु वह अमीरों से धन लूटकर गरीबों की सहायता किया करता था।



**लाडवा।** सत्संग भवन में कथा सुनाती कथावाचक संत सुदीक्षा सरस्वती।

# गायक रोशन के भजनों पर झूमे भक्त

- जागरण में मां का श्रृंगार एवं पूजन समाजसेवी सचिन गर्ग ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

लाडवा की अनाज मंडी में गत रात्रि मांग भगवती का 18 वां विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का आयोजन जय ज्वाला जी सेवा मंडल लाडवा द्वारा किया गया, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक रोशन प्रिंस व उसकी टीम ने जागरण सुनने आए मां के भक्तों को मां के भजनों पर झूमने पर विवश कर दिया। जागरण में मां का श्रृंगार एवं पूजन समाजसेवी सचिन गर्ग द्वारा की गई, जबकि मां की ज्योति प्रचंड भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष अंकुश गोयल द्वारा परिवार सहित की। मां का पूजन जिप सदस्य जसबीर पंजेटा जैनपुर व युवा नेता भूपेंद्र सिंह द्वारा किया गया। जागरण में कार्यक्रम की अध्यक्षता चेतन्य ग्रुप के डायरेक्टर हरनेक सिंह द्वारा की गई। मां की पूजा पंडित कलाधर शास्त्री द्वारा करवाई गई। यह जानकारी समिति के प्रधान अंकित गर्ग व रोहित सिंह ने दी। प्रसिद्ध भजन गायक ने अपने भजनों से मां की महिमा का गुणगान किया। जागरण में निकाली गई मां की झांकियां ने सबका मनमोह लिया।



**लाडवा।** मंडी में मां के जागरण से पूर्व मां की पूजा करते मुख्यातिथि व अतिथि।

### 9 को मनाया जाएगा रक्षाबंधन पर्व : मीनाक्षी

**कुरुक्षेत्र।** ज्योतिषाचार्य मीनाक्षी शर्मा का कहना है कि हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष रक्षाबंधन पर्व 9



अगस्त, 2025 को शनिवार के दिन मनाया जाएगा। रक्षाबंधन के मुहूर्त को लेकर विशेषकर भद्रा को लेकर लोगों के मन में अनेक प्रश्न होते हैं। पंचांग के पांच अंग हैं - तिथि ,वार, नक्षत्र , योग , एवं करण। करण के 11 भेद हैं जिनमें एक भेद विष्टि है। विष्टि करण को भद्रा भी कहते हैं। भद्रा में सभी शुभ कार्य वर्जित माने गए हैं। प्रत्येक पूर्णिमा के पूर्वार्द्ध में भद्रा होती है। इस वर्ष पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को प्रारम्भ होने के कारण 9 अगस्त को भद्रा का प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# वात्सल्य वाटिका में हवन यज्ञ आयोजित

- फीनिक्स क्लब के सदस्य व अन्य श्रद्धालु हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में रेलवे रोड ब्रह्मा कॉलोनी में स्थित वात्सल्य वाटिका में आज मासिक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में सामाजिक संस्था फीनिक्स क्लब के सदस्य शामिल हुए। पंडित प्रेम नारायण अवस्थी द्वारा विधि विधान से हवन यज्ञ को करवाया गया। वात्सल्य वाटिका के संचालक स्वामी हरिओम दास परिवराजक के सानिध्य में आयोजित हुए इस हवन यज्ञ में सभी श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। फीनिक्स क्लब के प्रधान डॉ. राजेश वधवा ने बताया कि वात्सल्य वाटिका में स्वामी हरिओम दास जी के सानिध्य में जहां निर्धन, जरूरतमंद, बेसहारा बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है, वहीं उन्हें संस्कारों से जोड़ने का काम भी किया जा रहा है। ऐसे में शहर की अन्य सामाजिक संस्थाओं का भी ये दायित्व बनता है कि वे भी इस नेक मुहिम में अपना योगदान दें। इस मौके पर प्रधान डॉ. राजेश वधवा, धीरज गुलाटी, विशाल मदान, अमित अरोड़ा, दीपक चिब, गुरसेवक सिंह, देवेन भाटिया, नरेश सिंगला, विनीत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।





**कुरुक्षेत्र।** शिविर में मौजूद चिकित्सक।

## विश्व क्लोव्स सिंड्रोम जागरूकता दिवस पर लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**कुरुक्षेत्र।** विश्व क्लोव्स सिंड्रोम जागरूकता दिवस पर सामुदायिक केंद्र किशनपुरा में आज डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सौजन्य से निःशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगाया गया। इस शिविर में मोनिका कोऑर्डिनेटर, अंजू, बाछल, सौरभ, गौरव, प्रवीण, कुलदीप, मनीष, जयनारायण सैनी सहित अन्य पंचायत सदस्य का उल्लेखनीय योगदान रहा। शिविर में वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. हिमांशु जैन ने विश्व क्लोव्स सिंड्रोम जागरूकता दिवस' मनाया, जिसका उद्देश्य इस दुर्लभ लेकिन जटिल आनुवंशिक स्थिति के प्रति समाज में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देना है। क्लोव्स सिंड्रोम एक ऐसी स्थिति है जो शरीर के असामान्य विकास, रक्त वाहिकाओं की गड़बड़ी, त्वचा पर विशेष निशान और रीढ़ अथवा हड्डियों में विकृति का कारण बनती है। यह रोग जन्मजात होता है और इसका संबंध एक विशेष जीन में उत्पन्न हुए परिवर्तन से है। क्लोव्स सिंड्रोम से प्रभावित व्यक्तियों को न केवल चिकित्सकीय समस्याओं का सामना करना पड़ता है, बल्कि उन्हें सामाजिक स्वीकृति और भावनात्मक समर्थन की भी आवश्यकता होती है। यह स्थिति अत्यंत दुर्लभ है, इसमें जागरूकता ही पहला कदम है समझ, सहयोग और समावेश की दिशा में। इसके अलावा अन्य रोगों से ग्रसित मरीजों को भी जांचा गया। डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस 2022वें निशुल्क कैंप में 118 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई।

# मुल्तान जोत लेकर हरिद्वार रवाना हुए प्राचीन मुल्तान सभा से जुड़े श्रद्धालु

**राज्यमंत्री सुभाष सुधा झंडी ने किया रवाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्राचीन मुल्तान सभा द्वारा मुल्तान जोत महोत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 11वीं बार सैंकड़ों श्रद्धालु प्रधान प्रदीप झांब के नेतृत्व में बसों में सवार होकर हरिद्वार के लिए रवाना हुए जहां हरिद्वार में जयराम आश्रम से हर की पौड़ी तक बैंड बाजों और रथों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आज इस यात्रा को राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वे खुद बस में सवार होकर कुरूक्षेत्र से लाडवा तक भी गए। बस में कीर्तन जारी रहा। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। सभा के प्रधान प्रदीप झांब ने बताया कि प्राचीन मुल्तान सभा द्वारा 11वीं बार कुरुक्षेत्र से हरिद्वार जाकर मुल्तान जोत महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर देशभर से अलग-अलग राज्यों और जिलों से लाखों की संख्या में समाज के लोग इस महोत्सव में भाग लेते हैं और मुल्तान जोत को गंगा मैया में प्रवाहित करते हैं। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र से रवाना होकर सभी श्रद्धालु हरिद्वार में जयराम आश्रम पहुंचेंगे जहां से भव्य शोभा यात्रा हर की पौड़ी तक निकाली जाएगी। हर की पौड़ी पर भव्य भजन संध्या और कीर्तन के उपरांत प्राचीन मुल्तान जोत गंगा मैया में प्रवाहित की जाएगी। उन्होंने बताया कि देश में शांति और भाईचारे को बनाए रखने के उद्देश्य से हर वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर उषा मदान, प्रेम मदान, महेश तनेजा, श्याम आहूजा, जगदीश सचदेवा, सुरेश धवन फतेहचंद गांधी, अशोक सचदेवा, प्रेम वधवा, संतोष कुमारी, पूर्ण बजाज, ओम बजाज, अंजली, खुशी, रितू, दर्शन सहगल, ऊषा रानी, कृष्ण सुखीजा, जगदीश चन्द, शीला रानी, गौरव, ज्योति सचदेवा, वीना रानी, गीता रानी, लाजवंती, , रानी देवी आदि मौजूद रहे।



## सामाजिक सरोकार दिवस के रूप में प्रदेशभर में इनसो मनाएगी स्थापना दिवस

- जेजेपी जिला प्रधान कुलदीप जखवाला व जिला प्रवक्ता शेखर डोगरा ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो का स्थापना दिवस 5 अगस्त को है, जिसे इस बार इनसो सामाजिक सरोकार दिवस के रूप में प्रदेशभर में मनाएगी और सभी 22 जिलों में सामाजिक सरोकार से जुड़े अनेक कार्यक्रम करेगी। यह जानकारी जेजेपी जिला प्रधान कुलदीप जखवाला व जिला प्रवक्ता शेखर डोगरा ने दी। उन्होंने बताया कि इनसो स्थापना दिवस पर कवि सम्मेलन, आधुनिक कृषि शिविर, महिला शक्ति सेमीनार, स्वास्थ्य चैकअप, पौधारोपण, सफाई अभियान, रक्तदान शिविर, गौ सेवा, शहीदों को नमन, एससी-बीसी युवा सम्मेलन जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जननायक चौ. देवीलाल और पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला द्वारा करवाए गए विकास कार्यों से युवाओं को अवगत करवाने के लिए इनसो विशेष कार्यक्रम करेगी। उन्होंने बताया कि जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इनसो संस्थापक द्वारा लगाया पौधा इनसो 2003 से लेकर अब तक लगातार युवाओं को आगे बढ़ा रहा है और आम घरों के बच्चे इनसो से जुड़ कर अपनी आवाज बुलंद कर रहे है। उन्होंने कहा कि इनसो युवाओं के हितों से जुड़ा हुआ एक मिशन है, जो कि सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में सदा अग्रणी रहता है। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र जिले अनुसार कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 5 अगस्त सुबह 11बजे केयू में महिला सशक्तिकरण सेमिनार होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक नैना चौटाला होगी।



## प्रसिद्ध नाटक उजबक राजा का किया मंचन

**कुरुक्षेत्र।** प्रेरणा वृद्ध आश्रम में प्रसिद्ध हास्य नाटक उजबक राजा का मंचन किया गया। अलकनंदन द्वारा लिखित एवं विकास शर्मा के निर्देशन में मंचित इस नाटक में एक दर्जन से अधिक कलाकारों ने भाग लिया। नाटक के निर्देशक



विकास शर्मा ने इस नाटक के बारे में बताया कि अलकनंदन द्वारा लिखित हास्य रस से भरपूर नाटक उजबक राजा में कलाकारों ने स्वदेशी अपनाओ का सुंदर संदेश दिया। नाटक में कलाकारों के अभिनय के साथ-साथ कलाकारों की वेशभूषा तथा संगीत ने भी नाटक को सफल बनाने में सहयोग दिया। नाटक में राजा रेशमलाल का किरदार सूर्यांश चावला, मंत्री हितेश जंगम, रानी रचना अरोड़ा, देशबंधू ध्रुवम गोयल, ठग ऋत्विक अरोड़ा तथा नव्या मेहता बने। नौकरानियों का किरदार वेदिता तथा कनिका शर्मा, दर्जी गौरव व रोहित तथा चौबदार का किरदार प्रियाशु बंसल ने निभाया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल गीतिका जसूजा रहीं और अध्यक्षता केयूके हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉ अजायब सिंह ने की और विशिष्ट अतिथि शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कृष्णा नगर गामड़ी के चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रदीप सिंगला मौजूद थे। अंत में प्रेरणा के संस्थापक डॉ जयभगवान सिंगला ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं तुलसी का पौधा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर आशा सिंगला, डॉ ममता सूद, राजीव गुप्ता, सुरेखा, किरण, कुलविन्दर, रेणु खुग्गर, गौरव दीपक जांगड़ा, हरिकेश पपोसा, सुदेश कुमारी आदि मौजूद थे।

**चर्चा** — एजीएम की वार्षिक मीटिंग में नए सदस्यों को जोड़ने व निष्क्रिय सदस्यों को हटाने के बारे की चर्चा

# डिजिटल इंडिया की तर्ज पर अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला को किया जाएगा डिजिटल : कृष्ण

**सचिव हरिकेश सहारन ने 2024-25 का आमदनी का खर्च का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र की एजीएम की वार्षिक मीटिंग संस्था के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकद की अध्यक्षता में धर्मशाला में संपन्न हुई। मीटिंग में बड़ी संख्या में आजीवन सदस्य, पूर्व प्रधान, शिक्षाविद, कार्यकारिणी सहित समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मीटिंग में हुए निर्णय की जानकारी देते हुए संस्था के मीडिया कोऑर्डिनेटर गुरदीप तंवर ने बताया कि संस्था के सचिव हरिकेश सहारन ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की व 2024 25 का आमदनी का खर्च का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसे सभा ने सर्वसम्मति से पास किया गया।



**कुरुक्षेत्र।** मीटिंग में मौजूद संस्था के प्रधान व अन्य सदस्यगण।

### कोचिंग सेंटर व ई-लाइब्रेरी शुरू करने का भी लिया निर्णय

बैठक में नए सदस्यों को जोड़ने व निष्क्रिय सदस्यों को हटाने बारे में चर्चा की गई। धर्मशाला में सुधारीकरण व मरम्मत करने बारे भी विचार विमर्श हुआ। आज की मीटिंग में संस्था में शीघ्र ही कोचिंग सेंटर ई लाइब्रेरी शुरू करने का निर्णय भी लिया गया। इसके अलावा आज की बैठक में दानी सज्जनों और आजीवन सदस्यो के नाम अंकित पत्थर लगाने का भी निर्णय लिया गया। सभा को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण श्योकंद ने कहा कि धर्मशाला को शिक्षा, खेल, चिकित्सा क्षेत्र में विश्व पटेल पर ले जाने के लिए समाज तन मन धन से कार्य करेगा। उन्होंने बताया शीघ्र कार्यकारिणी गांव गांव जाकर के नए सदस्य जोड़ने व दान व अनाज इकट्ठा करने को लोगों को प्रेरित करेगी। कृष्ण श्योकंद ने कहा कि डिजिटल इंडिया की तर्ज पर अंतरराष्ट्रीय धर्मशाला को भी पूर्ण रूप से डिजिटल किया जाएगा, जिससे विश्व भर में बैठे जाट समाज के युवाओं छात्रों व प्रबुद्ध लोगों को जाट धर्मशाला से जोड़ने का काम किया जा सके। इस अवसर पर कार्यकारणी उप प्रधान बनी सिंह, हरिकेश सहारन, नरेंद्र नैन, होशियार सिंह सहित संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### भगवान भोलेनाथ का होगा श्रृंगार

**नारायागढ़।** श्रीमहाकाली मंदिर में 4 अगस्त को श्रावण के अंतिम सोमवार को सांय 7 बजे भोलेनाथ शिव शंभू का कमल पुष्प एवं फलों से दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर के पूजारी आचार्य राम चंद्र त्रिपाठी ने इस अवसर पर सभी शहरवासियों को इस अवसर पर उपस्थित रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हर साल शिव शंभू का कमल पुष्प एवं फलों से दिव्य श्रृंगार किया जाता है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए यह विशेष दिन होता है। इस भगवान शिव सबकी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

### गीत प्रतियोगिता में येलो हाउस ने मारी बाजी

**नारायणगढ़।** माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय में सदन गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गीत प्रतियोगिता का शीर्षक 'सावन' रहा। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के तीनों सदनों के अनेकों विद्यार्थियों ने भावपूर्ण और रचनात्मक गायन से मानसून की भावनाओं को जीवंत कर दिया। इस प्रतियोगिता में अनेकों छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुखविंदर कौर ढिल्लों ने प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। प्रतियोगिता में येलो हाउस प्रथम , रेड हाउस द्वितिय तथा ग्रीन हाउस तृतीय स्थान पर रहा।

### चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बराड़ा।** पुलिस ने गांव में एक घर में घुसकर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान अब्दुल रहमान और सिदबाद वासी गांव बराड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को काबू कर उनसे चोरी हुआ सामान बरामद कर लिया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बरसात से कई गलियां हुई जलमग्न

**राजौंद।** राजौंद में रविवार शाम 5 बजे के आसपास हुई बरसात से कई गलियों में पानी भर गया। जिससे गलियों से निकलना भी मुश्किल हो गया।हालांकि प्रशासन लगातार पानी निकासी के दावे कर रहा है लेकिन थोड़ी सी बरसात में ही पानी निकासी न होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। वहीं राजौंद के कैथल असंध मार्ग पर तो इस बरसात से लोगों को टूटी हुई सड़क से गुजरते समय कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### अर्जुन स्टेडियम की दीवार खतरे में

**जींद।** जींद विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने कहा कि अर्जुन स्टेडियम की दीवार गिरने को है और यहां कभी भी बडा हादसा हो सकता है। गोयल ने जींद के डीसी से इस दीवार को जल्द से जल्द ठीक करवाने की मांग की है। गोयल का कहना है कि जींद के अर्जुन स्टेडियम की मुख्य दीवार बेहद जर्जर स्थिति में है और किसी भी समय गिर सकती है। यह दीवार रानी तालाब मंदिर के सामने स्टेडियम के मुख्य गेट के पास स्थित है। यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### नए कलेक्टर रेट के हिसाब से अब 1.69 लाख प्रति वर्गगज देनी होगी कीमत

# पुरानी होलसेल कपड़ा मार्केट में व्यवसायिक जमीन सबसे महंगी

- कांवला में कृषि जमीन सबसे महंगी, यहां अब सवा आठ करोड़ रुपये में मिलेगी एक एकड़ जमीन, पहले पांच करोड़ था रेट, नए रेटों से आशियाना बनाने के लिए अब चुकानी होगी ज्यादा कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। पुरानी होलसेल कपड़ा मार्केट का दृश्य।

- रिहायशी जमीन का रेट 50 हजार रुपए प्रति गज से बढ़ाकर 55 हजार रुपये कर दिया गया है

प्रशासन की ओर से रिहायशी और व्यवसायिक जमीन के कलेक्टर रेट जारी कर दिए हैं। कमर्शियल कलेक्टर रेट के मामले में पुरानी होलसेल कपड़ा मार्केट में कलेक्टर रेट 1.69 लाख रुपये प्रति वर्गगज हो गया है जबकि पहले यहां 1.54 लाख रुपये प्रतिवर्ग गज रेट था। इसके बाद कालका चौक का कमर्शियल जोन महंगा हो गया है। यहां प्रति वर्ग जमीन का रेट 1 लाख से 1.10 लाख हो गया है। जबकि रिहायशी जोन में सेक्टर-1 और सेक्टर-7 में सबसे ज्यादा कलेक्टर रेट हो गया है। यहां घोषित रिहायशी जमीन का रेट 50 हजार रुपए प्रति गज से बढ़ाकर 55 हजार रुपये कर दिया गया है । कृषि भूमि के रेटों में भी कई जगह आग लग गई है। सबसे ज्यादा कलेक्टर रेट कांवला गांव में हुआ है। यहां अब प्रति एकड़ का रेट 8 करोड़ रुपये पार कर गया है जबकि पहले ये रेट पांच करोड़ रुपये प्रति एकड़ था। कमर्शियल जोन में अब पुरानी होलसेल कपड़ा मार्केट में देव समाज कॉलेज रोड का रेट अब 1 लाख 69 हजार 400 रुपए प्रति गज हो गया है जो पहले 1 लाख 54 हजार रुपए था। नेशनल हाईवे के किनारे स्थित कृषि भूमि के रेट में भी दोगुनी बढ़ोतरी की गई है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी सेक्टर-10 के व्यवसायिक इलाके में हुई है। यहां रेट 65 हजार रुपए से बढ़ाकर 91 हजार रुपए प्रति गज कर दिए गए हैं।

#### अंबाला शहर के रेट

हाउसिंग बोर्ड में रिहायशी 50 हजार से 55 हजार व व्यवसायिक 80 हजार से 88 हजार, सेक्टर 8 व 9 हाउसिंग बोर्ड रिहायशी 35 हजार से 38500 व व्यवसायिक 65 हजार से 71500, सेक्टर 1 जेल लैंड रिहायशी 50 हजार से 55 हजार व व्यवसायिक 80 हजार से 1 लाख 4 हजार, सेक्टर 7 रिहायशी 50 हजार से 55 हजार व व्यवसायिक 80 हजार से 92 हजार, सेक्टर 8 का रिहायशी 35 हजार से 38500 व व्यवसायिक 65 हजार से 74750। सेक्टर 10 का रिहायशी 35 हजार से 38500 व व्यवसायिक 65 हजार 91 हजार, सेक्टर 9 रिहायशी 35 हजार से 38500 व व्यवसायिक 65 हजार से 74750, वाटिका सिटी सेंट्रल में रिहायशी 42 हजार से 46200 व व्यवसायिक 60500 से 66550, अग्रसेन से मानव चौक व्यवसायिक 60 हजार से 66 हजार, मानव चौक से दुर्गा नगर व्यवसायिक 80 हजार से 88 हजार रेट हो गया है।

#### रेट बढ़ने से पड़ेगा असर

नए कलेक्टर रेटों में बढ़ौतरी का असर जमीन के कारोबार पर पड़ेगा। खासकर अपने आशियाने का सपना संजो रहे लोगों को पर नया आर्थिक संकट बोझ बढ़ेगा। उन्हें अब नए कलेक्टर रेटों के हिसाब से ही जमीन की रजिस्ट्री करवानी पड़ेगी। सोमवार से बढ़ाए गए रेटों के आधार पर ही जमीन की रजिस्ट्री होगी। कांग्रेस की ओर से पहले ही कलेक्टर रेट बढ़ाए जाने का विरोध किया जा रहा है। अब प्रॉपर्टी कारोबारी भी इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं।

#### अब इन रेटों पर होंगी रजिस्ट्री

प्रदेश सरकार ने जिले के लिए नए कलेक्टर रेट को मंजूरी दे दी है और अब सोमवार से इन्हीं नए रेट्स पर जमीन की रजिस्ट्री की जाएगी। नए रेट्स के अनुसार, कई इलाकों में रिहायशी और व्यवसायिक संपत्तियों की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। कृषि भूमि के कांवला में साढ़े पांच करोड़ से बढ़ाकर आठ करोड़ 25 लाख प्रति एकड़। जंडली में एक करोड़ 10 लाख से बढ़ा एक करोड़ 65 लाख प्रति एकड़, धूलकोट में एक करोड़ 20 लाख से बढ़ा एक करोड़ से 80 लाख प्रति एकड़, मानका से बलाना चंडीगढ़ हाईवे पर एक करोड़ 10 लाख से बढ़ा एक करोड़ 21 लाख प्रति एकड़, हुमायुंपुर में 46 लाख से 69 लाख प्रति एकड़ और सद्दोपुर अंबाला चंडीगढ़ हाईवे एक करोड़ 32 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ 45 लाख प्रति एकड़ कर दिए हैं।

## निरंकारी भवन में आयोजित शिविर में 116 ने किया रक्तदान


नारायणगढ़। शिविर में रक्तदान करते लोग।

- संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन की ओर से निरंतर रक्तदान करने में दिया जा रहा है अहम योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा निरंकारी भवन में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें निरंकारी श्रद्धालुओं द्वारा स्वेच्छा से 116 यूनिट रक्त दान किया रक्तदाओं में कई महिलाएं भी शामिल रही। इस रक्त दान शिविर का उद्घाटन जोन नंबर 8 क इंचार्ज सुरेंद्र पाल सिंह ने अपने कर कमलों द्वारा किया। उन्होंने बताया युगदृष्टा सतुगुरू बाबा हरदेव सिंह महाराज के निर्देश कि 'रक्त नाड़यिों में बहना चाहिए नालियों में नहीं। इसकी पालना करते हुए निरंकारी मिशन द्वारा इस अवसर पर वर्ष 1986 से आज के दिन अनेकों स्थानों पर रक्त दान शिविर लगाए जाते हैं। इसी श्रृंखला में भारत में अनेक स्थानों पर रक्त दान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में अभी तक 15,00,000 युनिट रक्त मानवमात्र की भलाई हेतु दिया जा चुका है। सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में अधिकतर ब्लड बैंकों में रक्त की कमी हो जाती है लेकिन संत निरंकारी मिशन द्वारा पूरे वर्ष में समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। यहां सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रक्त दाताओं का हौसला देखने को मिलता है। यह जो दान किया जा रहा है यह परमात्मा द्वारा दिए गए तन से ही किया जा रहा है क्योंकि हम सभी के शरीर में परमात्मा ने एक रिजर्व रक्त का सिस्टम बनाया होता है। उसी के कारण ही हम रक्त दान कर पाते हैं । हमारे शरीर में प्रवाह करने वाला रक्त जहां हमें जीवन दान देता है वहां हमारे द्वारा दान किया गया रक्त दूसरों को भी जीवन दान देता है।

भारी बरसात के बावजूद भी रक्तदाताओं का हौसला बुलंद रहा । इस अवसर पर मुखी उर्मिला वर्मा ने ब्लड बैंक अंबाला कैंट डॉक्टर अमित कुमार व उनके साथ 25 मेंबर्स की डाक्टरों की टीम व सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया।

# बरसात की वजह से बस अड्डों पर जलभराव

- यात्रियों को उठानी पड़ रही हैं दिक्कतें
- गंदे पानी की वजह से यात्रियों के कपड़े जूते हो रहे हैं खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। छावनी बस अड्डे में भरे पानी का दृश्य।

अंबाला छावनी बस स्टैंड परिसर में बारिश के बाद हुए जलभराव के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंबाला शहर की कार्यशाला के परिसर में भी जलभराव के कारण चालक परिचालकों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। बता दें कि लगातार हो रही बरसात की वजह से अंबाला छावनी व अंबाला शहर बस अड्डा परिसर में जलभराव की स्थिति बन गई। इसकी वजह से यात्रियों को बेहद दिक्कत हो रही हैं। अंबाला सिटी में कार्यशाला के बाहर की सड़क ऊंची है, जबकि कार्यशाला का हिस्सा नीचा है। जब भी बारिश होती है तो सड़क का पानी कार्यशाला परिसर में एकत्रित हो जाता है, जो कई दिनों तक भरा रहता है। कुछ दिन पहले रोडवेज के अधिकारियों द्वारा जलभराव की जगह पर बजरी के टुकड़े डलवाए गए थे। कुछ दिन तो ठीक रहा लेकिन बसों के आने जाने के कारण यह बजरी के टुकड़े भी दब गए और परिसर की जगह ऊंची नीची हो गई। अब दोबारा से वही हालात हो गए और बारिश का पानी फिर से जमा हो रहा है।

यात्री अनिल कुमार, सुनील व यासीन ने बताया कि वे हिमाचल प्रदेश समेत कई जगह रुटीन में आने जाने का कारोबार करते हैं। छावनी बस अड्डे पर बारिश के दिनों में सबसे ज्यादा हालात खराब होते हैं। कई बार पानी के कारण उनके कपड़े खराब हो गए हैं। उन्होंने रोडवेज अधिकारियों से यहां पानी निकासी के उचित प्रबंध करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर अधिकारी इस समस्या पर ध्यान देंगे तो यात्रियों कोबेहद राहत मिलेगी।

# वार्ड नंबर 9 में 12.69 लाख की लागत से होगा गली का निर्माण

- सदस्य रेणू चौहान ने फोड़ा नारियल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। नारियल फोड़कर गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ करती सदस्य रेणू चौहान व अन्य।

नगर परिषद वार्ड नंबर 9 की सदस्य रेनू चौहान ने रविवार को नारियल फोड़कर 12 लाख 69 हजार की लागत से हरीश शर्मा के निवास से विमल कुमार के निवास स्थान तक बनने वाली इंटरलॉकिंग टाइल्स की सड़क व नालियों में पाइपलाइन डालने के कार्य का शुभारंभ किया। गौरतलब है कि हरीश शर्मा ने मंत्री अनिल विज से मिलकर बताया कि उनकी गली में नाली का पानी भरने के बाद दुर्गंध आने शुरू हो जाती है। गली में से निकलना दूभर हो जाता है। मंत्री अनिल विज ने उनके प्रार्थना पद पर तुरंत संज्ञान लेते हुए नगर परिषद के कार्यकारी को निर्देश दिए कि इनकी समस्या का समाधान किया जाए। गली के निवासियों ने मंत्री अनिल विज का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जब भी कोई उनके पास कोई समस्या लेकर जाता है तो वह शीघ्र समस्या का समाधान करने का प्रयास करते हैं।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के हस्तांतरण पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कृषि विज्ञान केन्द्र कुरुक्षेत्र तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाराणसी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 20वीं किस्त जारी पर कार्यक्रम का आयोजन किया। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के सचिव और अतिरिक्त सचिव के निदेर्शानुसार इस कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर जिले भर के किसानों की सक्रिय भागीदारी हुई। इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त उपायुक्त महाबीर सिंह मुख्य अतिथि रहे। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ बलवान सिंह मंडल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। उपनिदेशक डॉ. कर्म चंद ने बताया कि इस राशि को प्राप्त करने के लिए किसानों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन तथा ई-केवाईसी करवाना जरूरी है। वरिष्ठ समन्वयक डॉ बलजीत सहारण ने किसानों को बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से ये राशि किसानों के खाते में सीधी पहुंचती है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, कृषि विभाग के खंड विकास अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी तथा 150 से ज्यादा किसान शामिल हुए।

# जींद रोड पर बने गहरे गड्ढे व उबड़ खाबड़ सड़क का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद


राजौंद। जींद रोड पर पार्षद द्वारा जेसीबी मशीन मंगवाकर गहरे गड्ढे पर पत्थर रखते हुए।

जींद रोड पर बने गहरे गड्ढे व उबड़-खाबड़ सड़क पर वार्ड नंबर 7 की पार्षद कर्मवती ने संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करवाया। जिस पर संबंधित विभाग ने कार्य करते हुए जेसीबी मशीन के साथ गड्ढे पर स्लैब रखवा कर व उबड़-खाबड़ सड़क को ठीक करवा दिया।

इस बारे वार्ड नंबर 7 की पार्षद कर्मवती ने बताया कि उन्होंने जैसे ही लोगों की इस समस्या को समाचारपत्रों के माध्यम से पता चला तो इस बारे संबंधित विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों से संपर्क किया और इस समस्या का समाधान करने के लिए कहा। जिस पर विभाग के अधिकारों ने संज्ञान लेते हुए इस समस्या का शीघ्र समाधान करके लोगों को इस समस्या से निजात दिलवाई। उन्होंने बताया कि काफी दिनों से जींद रोड पर गहरा गड्ढा था और सड़क भी कई स्थानों से उबड़-खाबड़ थी। जहां कई बार वाहन चालक दुर्घटना का शिकार भी हो चुके थे। इस दौरान अंकित चौहान पार्षद प्रतिनिधि, बृजपाल भट्ट, सुनील कुमार, शमशेर, अमीत कुमार, पवन कुमार, केहर सिंह, जनक राणा,नानक फौजी सहित कई अन्य लोगो ने पार्षद व विभाग का आभार व्यक्त किया।

## हमारी वाणी व हमारे द्वारा किया कर्म मन के विचारों के अनुरूप ही होता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम, कुरुक्षेत्र साप्ताहिक सत्संग समागम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सत्या भारती ने अति दिव्य आध्यात्मिक विचारों के द्वारा उपस्थित भक्त जनों को कृतार्थ किया। उन्होंने कहा कि मन विचारों का समूह है लेकिन मन का कोई अपना अस्तित्व न होते हुए भी मन बहुत शक्तिशाली है क्योंकि हमारी वाणी और हमारे द्वारा किया गया प्रत्येक कर्म मन के विचारों के अनुरूप ही होता है। मन में उठी एक विचार की तरंग किसी घटना या दुर्घटना को जन्म दे सकती है इसलिए हमारे संत महापुरुष कहते हैं कि अपने मन में उठने वाले प्रत्येक विचार की ओर ध्यान दें। मन का एक विचार मानव जीवन को सर्वश्रेष्ठ ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए पर्याप्त है लेकिन मन के विचारों को अनदेखा कर दिया जाए तो वह विचार ही विकारों में परिवर्तित होकर हमारे ही जीवन का पतन कर देते हैं। नकारात्मक और विध्वंसक विचार ही विकारों का रूप धारण करके मनुष्य को आत्मघाती तक बना देते हैं। आज संपूर्ण मानव समाज को ब्रह्मज्ञान रूपी संजीवनी की अति आवश्यकता है क्योंकि हम अपने आस पास इन विकारों के प्रभाव को स्पष्ट देख पा रहे हैं।

### प्रत्येक जीव को गुरु के प्रति भरोसा होना चाहिए

**कुरुक्षेत्र।** भगवान श्रीब्रह्मा मन्दिर प्रांगण में सदगुरुदेव स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले ने साप्ताहिक प्रवचन में प्रेरणा दी कि प्रत्येक जीव को अपने गुरुदेव जी के प्रति भरोसा होना चाहिए क्योंकि गुरु शक्ति ही सर्वोच्च शक्ति है। परम सर्वोच्च शक्ति ही समस्त चराचर जगत की अधिष्ठातृ शक्ति है जो गुरुदेव जी के हृदय से प्यार के रुप में हमारे जीवन को सार्थक करती है। जिससे हमारी आत्मा में दिव्य भाव प्रकट होते हैं इसीलिए हमें गुरुदेव जी पर पूर्ण भरोसा कर जीवन यापन करना चाहिए जिससे जीवन सुखमय व मंगलमय बनता है। इस अवसर पर संघ संचालक पंडित शिवनारायण दीक्षित ने कहा कि हमें अपने गुरुदेव जी पर पूर्ण आस्था एवं विश्वास के साथ भरोसा रखना चाहिए ताकि जीवन सुख शान्ति व समृद्धि से परिपूर्ण बना रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### गीत गाकर माहौल किया खुशनुमा

# युवाओंने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के संग बिताए सुनहरे पल

- ओस्का व इद्रीश फाउंडेशन द्वारा संचालित इंटर्नशिप प्रोग्राम में हिस्सा ले रहे छात्रों ने वृद्धाश्रम का किया मुआयना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। आश्रम में बुजुर्गों के साथ खुशी के पल व्यतीत करते छात्र।

ऑर्गेनाइजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस (ओस्का) एवं इद्रीश फाउंडेशन द्वारा संचालित इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अंबाला छावनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम का दौरा किया। विद्यार्थियों ने वहां मौजूद बुजुर्गों के साथ समय बिताया, उनकी बातें सुनीं और उन्हें अपनेपन का एहसास दिलाया। मौके पर विद्यार्थियों ने गीत-संगीत प्रस्तुत कर बुजुर्गों का मनोरंजन किया, जिससे पूरे माहौल में खुशी और अपनत्व का संचार हुआ। संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य युवा पीढ़ी में सेवा, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों ने कहा कि उन्हें ऐसा लगा जैसे अपने बच्चे हमारे पास लौट आए हैं। एक अन्य बुजुर्ग ने मुस्कुराते हुए कहा, आप लोगों के गाने सुनकर पुराने दिन याद आ गए, बहुत अच्छा लगा। ओस्का के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भांकर ने कहा कि हम मानते हैं कि बुजुर्ग अनुभवों और परंपराओं के भंडार हैं। उनके साथ समय बिताना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। सहसचिव राजिंद्र मीरवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल सामाजिक कार्य करना नहीं बल्कि युवाओं में मानवीय संवेदनाओं और बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना है। ये पल न केवल बुजुर्गों के लिए खास होते हैं, बल्कि युवाओं को भी जीवन के अमूल्य अनुभव सिखाते हैं। इद्रीश फाउंडेशन की संस्थापक नेहा परवीन ने बताया कि इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों ने बुजुर्गों के साथ मिलकर गीत गाए जिससे अपना घर के आंगन में हंसी गूंज उठी और गीतों की मधुर धुन से माहौल खुशनुमा हो गया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां समाज में पीढ़ियों के बीच आपसी जुड़ाव और अपनत्व को मजबूत करती हैं। इस अवसर पर बुजुर्गों ने अपने अनुभव सांझा करने के साथ-साथ गाने और भजन भी सुनाए। राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर तुषार सागर ने पुराने गानों के साथ-साथ भजन भी प्रस्तुत किए। सक्षम पूनिया ने गाने तथा नियति ने कविता पाठ से सबका मन मोह लिया। विद्यार्थी ने कहा कि हमने सिर्फ गीत गाए या बातें ही नहीं कीं बल्कि हमने उनके जीवन के अनुभवों से बहुत कुछ सीखा। यह हमारे व्यक्तित्व विकास और संवेदनशीलता को बढ़ाने वाला अवसर है। एक अन्य इंटर्न ने भावुक होकर कहा कि वृद्धाश्रम आने से यह समझ आया कि प्यार और अपनापन उम्र से नहीं बल्कि दिल से जुड़ा होता है।